मौर्य शासक सम्राट अशोक के अभिलेख

भाग:-3

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

प्राचीन इतिहास विभाग

SNSRKS COLLEGE SAHARSA

अशोक के लघु शिलालेख

यह चट्टानों पर अभिलेखित किये गये है. अशोक के लघु शिलालेख से अशोक के व्यक्तिगत जीवन के बारे में जानकारी मिलती है. अभिलेखों में अशोक के तीन नाम मिलते है. अशोक का व्यक्तिगत नाम उसके चार लघु शिलालेखों में प्राप्त हुए है. 1. मास्की 2. नेतुर 3. उदेगोलम (तीनों कर्नाटक) 4. गुर्जरा (मध्य प्रदेश).

मगध के राजा के रूप में अशोक के नाम का उल्लेख भाब्रू (राजस्थान) के लघु शिलालेख में मिलता है. शेष अभिलेख में प्रियदर्शी नाम मिलता है.

वृहद् स्तम्भ लेख या महा स्तम्भ लेख (बड़े स्तम्भों पर)

यह बड़े स्तम्भों पर अभिलेखित किये गये है. इसे अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 26 वें वर्ष उत्कीर्णित करवाया था. वृहद समभ लेख की संख्या 7 मिलती है. यह अलग-अलग स्थानों से प्राप्त हुआ है.

लघु स्तम्भ लेख

यह छोटे स्तम्भों पर अभिलेखित किये गये है. यह अलग-अलग विषयों से संबंधित है. इसमें संघभेद रोकने संबंधी नियमों का विवेचन है.

कौशाम्बी के लघु स्तम्भ लेख में अशोक की रानी कारुवाकी का भी उल्लेख मिलता है. इसे रानी का स्तम्भ लेख भी कहते है.

पृथक लेख

यह उड़ीसा के धौली, जौगढ़ से प्राप्त हुए है.